<u>समाचार</u>

# <u>सभी समाज के लोगों का अपना स्वयं का सामाजिक भवन हों, यह मेरा संकल्प–राजस्व मंत्री</u>

## <u>(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने साहू समाज एवं वैश्य समाज के भवनों की रखी आधारशिला)</u>




कोरबा 23 जून 2021 –प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि मेरा बरसों पुराना संकल्प था कि कोरबा में निवासरत सभी समाज के लोगों का अपना स्वयं का सामाजिक भवन हों, जहां पर वे पूरी सुविधा के साथ अपने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकें। उन्होने कहा कि इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मैंने लगभग सभी समाजों के भवनों के लिए विधायक मद या अन्य किसी मद से राशि उपलब्ध कराई है, मुझे खुशी है कि कोरबा के लगभग सभी समाजों के लिए उनके भवन बन चुके हैं तथा यदि किसी समाज के भवन बनने अभी शेष हैं तो आश्वस्त करता हूॅ कि उनका भी अपना भवन अवश्य बनेगा।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज ढ़ेगुरनाला के समीप आयोजित एक भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क. 18 अंतर्गत ढ़ेगुरनाला चेकपोस्ट में साहू समाज भवन के पास 20 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क. 33 अंतर्गत ढ़ेगुरनाला चेकपोस्ट में गणीनाथ मंदिर के समीप 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं। आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त दोनों भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए भवनों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस अवसर पर दिए गए अपने उद्‌बोधन में आगे कहा कि क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद सदैव मेरे साथ रहा है तथा उन्ही के आशीर्वाद से मैंने कोरबा के समग्र विकास के लिए लगातार काम किया है। उन्होने कहा कि कोरबा के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ सड़क, पानी, बिजली तथा चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से कार्य किए गए हैं, जो आप सबके सामने हैं। उन्होने आगे कहा कि कोरोनाकाल में कोरबा में जिस

तरह से चिकित्सा सुविधाएं त्वरित रूप से बनाई गई तथा जिस तेजी के साथ कोरोना नियंत्रण की दिशा में कार्य किया गया, वह अपने आप में अद्वितीय है। उन्होने आगे कहा कि कोरबा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या थी, वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष एवं तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरणदास महंत के माध्यम से कोरबा के लिए 134 करोड़ रूपये की पेयजल आवर्धन योजना स्वीकृत हुई तथा उस पर कार्य किया गया, जिससे वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 42 तक के वार्डो में दीर्घकालीन पेयजल समस्या का निराकरण करते हुए घर–घर में पानी पहुंचाया गया। इसी प्रकार 229 करोड़ रूपये की लागत वाली कोरबा पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 के तहत कोरबा पश्चिम क्षेत्र के वार्ड क्र. 43 से 67 तक के 25 वार्डो में आगामी 25–30 वर्षो की आवश्यकता के अनुरूप पेयजल की व्यवस्था का कार्य किया गया, आज सम्पूर्ण निगम क्षेत्र पेयजल की बहुत बड़ी समस्या से मुक्ति पा चुका है। उन्होने कहा कि घर–घर में बिजली पहुंचायी गई, सड़क, नाली, उद्यान, कब्रिस्तान, मुक्तिधाम, सामुदायिक भवन, मंगल भवन सहित आमजन की मांग के अनुसार अन्य विकास कार्य कराए गए, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए, कोरबा पुराने शहर में 07 करोड़ रूपये की लागत से स्कूल भवन बनाया जा रहा है तथा मेरा संकल्प है कि सभी शासकीय स्कूलों का जीर्णोद्धार तथा वहां पर आवश्यकतानुसार भवनों का निर्माण, शौचालय, बिजली, पानी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, इस पर कार्य किया जा रहा है।

**सबके सुख–दुख के सहभागी**– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल क्षेत्र के सभी नागरिकों को अपने परिवार के सदस्य के रूप में देखते हैं तथा उनके सुख–दुख में सदैव सहभागी रहे हैं एवं उनका सामाजिक सरोकार से सदैव गहरा नाता रहा है, यहीं कारण है कि यहां की जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोरबा के सभी समाजों के लिए भरपूर सहयोग दिया है, जो किसी से छिपा नहीं है। उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं, जिसके हम सब साक्षी हैं। सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास की दिशा में जहां पर हमारी सोच खत्म होती है, वहां से राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की सोच प्रारंभ होती है। उन्होने कोरबा के विकास के लिए यहां पर निवास कर रहे सभी समाजों के लिए जितना कुछ किया है, उसे शब्दों में कह पाना संभव नही है।

भूमिपूजन कार्यक्रम दौरान जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, कृपाराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, पार्षद धनसाय साहू, अनुज जायसवाल, संतोष लांझेकर, बसंत चन्द्रा, एल्डरमेन गीता गभेल, एस.मूर्ति, मनीराम साहू, आरिफ खान, आशीष अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्चना उपाध्याय एवं मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, डॉ.संजय अग्रवाल, पीयूष पाण्डेय, शाहिद खान, द्रौपदी तिवारी, शांता मडावे, साहू समाज के जिला अध्यक्ष गिरजा साहू, वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष मणीलाल हलवाई, संजय शाह, निगम के जोन कमिश्नर आर.के. चौबे, सहायक अभियंता एच.आर.बघेल, आकाश अग्रवाल, अजूला अनंत, दिनेश साहू, पद्मीनी साहू, गजानंन साहू, लक्ष्मी गुप्ता, हरिशचन्द्र शाह, इंद्रभान शाह, गोरेलाल साहू, रेणुका साहू, योगेश्वरी साहू, रामप्रकाश जायसवाल, घनश्याम साहू, संजय गुप्ता, सुरेश गुप्ता, लक्खू प्रसाद गुप्ता, रामलाल साहू, दानसाय साहू सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

<u>समाचार</u>

# वार्ड क्र. 17 में गार्डन का लोकार्पण करेंगे राजस्व मंत्री

## (कबीर भवन दर्री में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन)

कोरबा 23 जून 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री 24 जून को प्रातः 10.30 बजे वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा में नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण करेंगे, इसके साथ ही 24 जून को ही प्रातः 11.30 बजे कबीर भवन दर्री में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण राजस्व मंत्री के करकमलों से किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेनगण आदि सहित अन्य जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)